Ph. 05949 - 282140

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

website- www.gpgcbazpur.in        email id- gdcbazpur@rediffmail.com


## Event: Seminar: Contribution of Women in the Field of Education, Society and Science
## Organized by- Women Development Cell
## Date- 07-03-2024

On the eve of International Women's Day, a seminar and felicitation ceremony was organized in the college on 7 March 2024. The keynote speaker of the seminar was Dr. Vibhawari Assistant Professor, Department of Indian Languages and Literature, Gautam Buddha University. She discussed in detail the journey of women in literature and cinema and highlighted various aspects.

In the seminar, speeches related to Women's Day and self-composed poetry recitations were presented by the students.

The results were as follows: Nisha BA Third Year stood first, Sanskriti BSc Fourth Sem stood second and Avneet Kaur BSc Second Sem stood third.

Under the felicitation ceremony, women of Bajpur region were felicitated by the Women Development Cell for their remarkable contribution in their respective fields. Chief guests Dr. Vibhavari, Mrs. Rukhsar Ansari, Mrs. Priyanka Diwakar, Mrs. Ramani Malik and Mrs. Shakuntala Devi was felicitated The program was presided over by Principal Prof. K.K. Pandey.Dr Manuhar Arya, convener of the Women Development Cell, presented a PowerPoint presentation on the history and objectives of International Women's Day. Dr Darshana Pant, Dr Neelam Manola and Dr Pooja Rani were the judges of the program.














दैनिक भास्कर बाजपुर

## खबर एक नजर

### महिलाओं को किया गया सम्मानित

बाजपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला विकास प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षा समाज एवं विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान विषय एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बाजपुर क्षेत्र की महिलाओं को उनके अपने कार्य क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए महिला विकास प्रकोष्ठ द्वारा सम्मानित किया गय। इस मौके पर डॉ विभावरी, रुखसार अंसारी ग्राम रानी नगला प्रियंका ग्राम प्रधान बनाखेड़ा रमणी मलिक शकुंतला देवी, डॉ मनुहार आर्य, डॉ. विभावरी, संयोजक डॉ मनुहार आर्य, संस्कृति बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर तृतीय स्थान पर अवनीत कौर रहीं। विभाग प्रभारी डॉ अनिल सैनी, प्राचार्य प्रो के के पांडे, डॉ रीता सचान, डॉ विकास रंजन सिंह, डॉ दर्शना पंत, डॉ प्रदीप दुर्गापाल, डॉ संध्या चौरसिया, डॉ आदर्श चौधरी, डॉ नीलम मनोला मौजूद रहे।



हिन्दुस्तान शुक्रवार, 8 मार्च 2024 09

### छात्राओं ने कविताओं से बांधा समा

बाजपुर, संवाददाता। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को महिला विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शिक्षा, समाज एवं विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विभावरी, फिल्म विश्लेषक एवं लेखिका, रुखसार अंसारी, प्रियंका दिवाकर ग्राम प्रधान बन्नाखेड़ा, रमणी मलिक, शकुंतला देवी शामिल रहीं। इस दौरान छात्राओं ने सामूहिक एवं स्वरचित कविताओं से समा बांधा। मुख्य वक्ता डॉ. विभावरी ने साहित्य एवं सिनेमा में स्त्री के सफर की अच्छी विवेचना की। महाविद्यालय महिला विकास प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. मनुहार आर्य ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास एवं उद्देश्य पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। इसमें बीए की छात्रा दिशा पहले, बीएससी की छात्रा संस्कृति दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं बीएससी की अवनीत कौर तीसरे स्थान पर रहीं।

राष्ट्रीय सहारा

### महिलाओं को अपने क्षेत्र में कार्य करने के लिए सम्मानित किया

बाजपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर 7 मार्च 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला विकास प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षा समाज एवं विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान विषय एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में बाजपुर क्षेत्र की महिलाओं को उनके अपने कार्य क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए महिला विकास प्रकोष्ठ द्वारा सम्मानित किया गय। इस मौके पर डॉ विभावरी,श्रीमती रुखसार अंसारी ग्राम रानी नगला श्रीमती प्रियंका ग्राम प्रधान बनाखेड़ा श्रीमती रमणी मलिक श्रीमती शकुंतला देवी, डॉ मनुहार आर्य ,डॉ0 विभावरी,संयोजक डॉ मनुहार आर्य,संस्कृति बी एस सी चतुर्थ सेमेस्टर तृतीय स्थान पर अवनीत कौर रहीं।विभाग प्रभारी डॉ अनिल सैनी,प्राचार्य प्रो के के पांडे,डॉ रीता सचान,डॉ विकास रंजन सिंह, डॉ दर्शना पंत,डॉ प्रदीप दुर्गापाल, डॉ संध्या चौरसिया, डॉ आदर्श चौधरी, डॉ नीलम मनोला, डॉ खेमकरण,कैलाश,रोहित कुमार, संजय बिष्ट , छात्रा उपाध्यक्ष आरती, छात्र संघ सचिव आदर्श कुमार,शिवानी सक्सेना ,निरति जीना, अंशिका शर्मा,पायल बिष्ट, संस्कृति, निशा, अवनीत कौर, सपना, नेहा ,पूजा ,उर्वशी सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

शुक्रवार 8 मार्च, 2024 उत्तर उजाला 8

# समाज में महिलाओं के योगदान को सराहा

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रम



राजकीय महाविद्यालय बाजपुर में महिलाओं को सम्मानित करते आयोजक

बाजपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर बाजपुर क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन कर महिलाओं के योगदान की सराहना की।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में महिला विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षा, समाज एवं विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान विषय को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केके पांडे ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में स्त्रियों की घर चलाने को लेकर उनकी प्रबंधन भूमिका की मुक्त कंठ से सराहना की। समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ. अनिल सैनी ने निर्णय निर्माण में महिलाओं की भूमिका बढ़ाई जाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. विभावरी ने साहित्य एवं सिनेमा में स्त्री के सफर की विस्तार से विवेचना करते हुए उसके विभिन्न पहलुओं को उजागर किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. विभावरी फिल्म विश्लेषक एवं लेखिका रुखसार अंसारी वार्ड मेंबर ग्राम रानी नांगल बाजपुर, प्रियंका दिवाकर, ग्राम प्रधान बन्नाखेड़ा, रमणी मलिक पांडे हॉस्पिटल बाजपुर एवं शकुंतला देवी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर को उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इससे पूर्व महाविद्यालय महिला विकास प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. मनुहार आर्य ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास एवं उद्देश्य विषय पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण एवं कविता पाठ किया गया। इसमें निशा बीए तृतीय वर्ष को प्रथम, संस्कृति बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर को द्वितीय एवं अवनीत कौर बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर को तृतीय घोषित किया गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. रीता सचान ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सोबन सिंह जीना विवि अल्मोड़ा से हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. तेजपाल, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से प्रियंवद, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. विकास रंजन सिंह, डॉ. दर्शना पंत, डॉ. प्रदीप दुर्गापाल, डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. आदर्श चौधरी, डॉ. नीलम मनोला, डॉ. खेमकरण, कैलाश, रोहित कुमार, संजय बिष्ट, छात्रा उपाध्यक्ष आरती, छात्र संघ सचिव आदर्श कुमार, शिवानी सक्सेना, नियति जीना, अंशिका शर्मा, पायल बिष्ट, संस्कृति, निशा, अवनीत कौर, सपना, नेहा ,पूजा, उर्वशी सहित अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

अमर उजाला शुक्रवार, 8 मार्च 2024

# महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिलाओं को किया सम्मानित

बाजपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को महिला विकास प्रकोष्ठ की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान उल्लेखनीय योगदान के लिए महिलाओं को सम्मानित किया गया।

संयोजक डॉ. मनुहार आर्य ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस इतिहास एवं उद्‌देश्य विषय पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। कविता पाठ और भाषण प्रतियोगिता में निशा प्रथम रही। वहां प्राचार्य प्रो. केके पांडे, डॉ. विभावरी, डॉ. अनिल सैनी, डॉ. विकास रंजन सिंह, डॉ. दर्शना पंत, डॉ. प्रदीप दुर्गापाल आदि थे।